


## राजनीतिक

- **क्या यह सच है ?**

सूत्रों के अनुसार, अयोध्या स्थित श्री राम तीर्थ ट्रस्ट के दो महत्वपूर्ण पदाधिकारियों – अध्यक्ष अनिल मिश्रा और सचिव चंपत राय ने कथित तौर पर अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

- **क्या अगले साल दिसंबर में गुजरात और हिमाचल प्रदेश में चुनाव होंगे?**

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, गुजरात और हिमाचल प्रदेश में चुनाव दिसंबर 2027 में ही होंगे। क्या इसका कोई महत्व है?

- **क्या बिट्टू केंद्रीय मंत्री के रूप में अपना पद बरकरार रखेंगे ?**

रवनीत बिट्टू ने अभी तक मोदी मंत्रिमंडल से इस्तीफा नहीं दिया है। संकेत मिल रहे हैं कि वह पंजाब चुनाव तक मंत्री बने रहेंगे।

- **हार ने ममता के होंठों पर सन्नाटा ला दिया**

हाल ही में हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में मिली शर्मनाक हार और हाई कमांड के खिलाफ कथित विद्रोह ने ममता बनर्जी के मुंह पर पाबंदी लगा दी है। प्रभावशाली नेता ममता बनर्जी अपने समय की सबसे कठिन चुनौतियों का सामना कर रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस हार ने उनके तानाशाही चेहरे को भी उजागर कर दिया है।

- **निगरानी बढ़ा दी गई**

सूत्रों की मानें तो राज्यसभा सचिवालय ने परिसर के अंदर कर्मचारियों की निगरानी बढ़ा दी है। क्या इसका कोई कारण है?

## प्रशासनिक

- **एसपीजी के निदेशक के रूप में आलोक शर्मा की सेवा अवधि बढ़ाई**

एसीसी ने स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) के निदेशक आलोक शर्मा की सेवा अवधि को 1 जुलाई, 2026 से 31 मार्च, 2027 तक नौ महीने के लिए बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। वह उत्तर प्रदेश कैडर के 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।



- **सिन्हा केरल के नए मुख्य सचिव**

1992 बैच के आईएएस अधिकारी बिश्वनाथ सिन्हा को केरल का अगला मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। वे 30 जून को पदभार ग्रहण करेंगे।

- **अंतर-कैडर तबादले जारी रहेंगे**

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के माध्यम से अंतर–कैडर तबादले और पदोन्नतियाँ सक्रिय रूप से जारी हैं, और विभिन्न सेवाओं में नियमित रूप से स्थानांतरण होते रहते हैं।

- **क्या सचिव अपने कैडर पद पर बने रहेंगे?**

केंद्र सरकार के एक सचिव अक्सर अपने गृह राज्य में जाते हैं। बताया जाता है कि हाल ही में उनका तबादला एक मंत्रालय से वर्तमान मंत्रालय में हुआ है।

- **एम एन अनुचेत कर्नाटक में डीआईजी एवं आयुक्त, बौद्धिक संपदा अधिकार विभाग के पद पर तैनात**



एम एन अनुचेत को बेंगलुरु में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का डीआईजी एवं आयुक्त नियुक्त किया गया है और साथ ही उन्हें कर्नाटक में युवा सशक्तिकरण एवं खेल विभाग के आयुक्त का भी प्रभार सौंपा गया है। वे कर्नाटक कैडर के 2009 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

- **मुख्य आयुक्त का वीआर स्वीकार**

सरकार ने भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क एवं अप्रत्यक्ष कर) के मुख्य आयुक्त प्रदीप सक्सेना की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति को 12 जुलाई, 2026 से स्वीकार कर लिया है। वे इस वर्ष सितंबर में सेवानिवृत्त होने वाले थे।

- **आईडीएफसी बैंक घोटाले में कुछ आईएएस अधिकारियों को गिरफ्तार किया जाएगा?**

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, आईडीएफसी बैंक घोटाले में सीबीआई द्वारा कुछ आईएएस अधिकारियों के खिलाफ जल्द ही मामला दर्ज किया जा रहा है।

- **एसीसी ने नागदावने को सीएमडी पवन हंस पद के लिए मंजूरी दी**

कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के महाप्रबंधक सुनील कुमार नागदवाने को पवन हंस लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक पद पर नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। नागदवाने का नाम 16 फरवरी को पीईएसबी द्वारा छह उम्मीदवारों के पैनल से अनुशंसित किया गया था। वे जल्द ही पदभार ग्रहण करेंगे।

- **पीईएसबी ने डब्ल्यूसीएल के निदेशक (तकनीकी) पद के लिए अंजनी कुमार की सिफारिश की**

पीईएसबी ने कोल इंडिया लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक ईडी (अनुबंध) अंजनी कुमार के नाम की सिफारिश वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में निदेशक (तकनीकी) के पद के लिए की है।

- **पीईएसबी ने बीसीसीएल में निदेशक (तकनीकी) पद के लिए आनंद की सिफारिश की**

पीईएसबी ने कोल इंडिया लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक (खनन/उत्पादन) आनंद के नाम की सिफारिश भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) में निदेशक (तकनीकी) के पद के लिए की है।

- **बीएसएनएल सीएमडी के चयन के लिए पैनल का गठन**

सरकार ने बीएसएनएल के सीएमडी पद के लिए तत्काल नियुक्ति हेतु एक चयन समिति का गठन किया है। पीईएसबी के अध्यक्ष इसकी अध्यक्षता करेंगे। इच्छुक उम्मीदवार 22 जुलाई, 2026 तक डीओटी के सचिव को आवेदन कर सकते हैं।



- **सुशील कुमार सिंह को अतिरिक्त प्रभार**

दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह को बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के अधीन नए मंगलौर बंदरगाह प्राधिकरण के अध्यक्ष (संयुक्त सचिव स्तर) का अतिरिक्त प्रभार 1 जून, 2026 से 30 नवंबर, 2026 तक छह महीने की अवधि के लिए सौंपा गया है।

वे भारतीय रेलवे यांत्रिक अभियंता सेवा (आईआरएसएमई) के 1993 बैच के अधिकारी हैं।

- **एनएफएल में निदेशक (तकनीकी) पद के लिए विज्ञापन**

लोक उद्यम चयन बोर्ड ने नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड में निदेशक (तकनीकी) के पद के लिए विज्ञापन जारी किया है। आवेदन 15 जुलाई, 2026 तक प्राप्त हो जाने चाहिए।

- **तमिलनाडु में अनियमित बिजली कटौती**

तमिलनाडु में बिजली कटौती आम बात हो गई है। सूत्रों के अनुसार, पिछले एक महीने में स्थिति और भी बदतर हो गई है। राज्य में बिजली कटौती के पीछे का कारण अभी तक आधिकारिक तौर पर स्पष्ट नहीं किया गया है।

# निर्जला एकादशी पर काशी में लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में लंगाई आस्था की डुबकी, किया दानपुण्य

### गंगा घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब, निर्जला एकादशी चराचर जगत के स्वामी भगवान विष्णु को समर्पित



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी :** उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी) में निर्जला एकादशी पर गुरूवार को लाखों सनातनी श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा नदी में पुण्य की डुबकी लगाई और गंगा घाटों पर दानपुण्य किया। स्नान पर्व पर गंगा स्नान के लिए के लिए भोर से ही श्रद्धालु गंगाघाटों पर पहुंचने लगे। गंगा स्नान के लिए प्राचीन दशाश्वमेध घाट, राजेन्द्र प्रसाद घाट, शीतलाघाट, अहिल्याबाई घाट, पंचगंगा घाट, सामनेघाट भारी भीड़ जुटी रही।

स्नानार्थियों के चलते गौदोलिया से दशाश्वमेधघाट तक मेले जैसा नजारा रहा। जिला प्रशासन ने गंगा तट से लेकर बाबा विश्वनाथ दरबार तक सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए थे। शीतलाघाट के तीर्थ पुरोहित दिनेश उपाध्याय ने बताया कि सनातन धर्म में निर्जला एकादशी का बहुत महत्व है। यह दिन चराचर जगत के स्वामी भगवान विष्णु को समर्पित है। इसे साल की सभी एकादशियों में सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन व्रत रखने से भक्तों को पुण्य लाभ मिलता है और पूरे साल के एकादशी व्रत का फल प्राप्त होता है। तीर्थ पुरोहित ने बताया कि एकादशी के दिन सनातनी चावल नहीं खाते और न ही चावल दान करते है। इस दिन फल फूल आम, केला इत्यादि दान करते हैं। गगरी भरकर जल ब्राह्मण को दान करते हैं। ज्येष्ठ माह की एकादशी 'निर्जला एकादशी ' को भीम एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। निर्जला एकादशी व्रत मन को संयम सिखाता है और शरीर को नई ऊर्जा देता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इस एकादशी में ब्रह्महत्या सहित समस्त पापों का शमन करने की शक्ति होती है। इस दिन मन, कर्म, वचन द्वारा किसी भी प्रकार का पाप कर्म करने से बचने का प्रयास करना चाहिए। साथ ही तामसिक आहार, परनिंदा एवं दूसरों के अपमान से भी दूर रहना चाहिए। भक्तिपूर्वक इस व्रत को करने से व्रती को करोड़ों गायों को दान करने के समान फल प्राप्त होता है।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज देवरिया दौरे पर

# देंगे विकास कार्यों की सौगात



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, देवरिया :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 26 जून को देवरिया जनपद के बरहज क्षेत्र के दौरे पर आएंगे। अपने प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री बरांव में आयोजित समारोह में रुद्रपुर और बरहज विधानसभा क्षेत्रों से जुड़ी विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे तथा जनसभा को संबोधित करेंगे।

जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने गुरुवार को बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री 26 जून को प्रात: 10:30 बजे गोरखनाथ मंदिर, गोरखपुर से प्रस्थान कर 10:55 बजे बरांव स्थित हेलीपैड पर पहुंचेंगे। इसके बाद वह सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम के समापन के बाद मुख्यमंत्री 12:05 बजे हेलीपैड पहुंचेंगे और 12:10 बजे गोरखपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को लेकर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कार्यक्रम स्थल पर साफ–सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग, यातायात नियंत्रण तथा सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी वी.के. सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. गुप्ता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) रामशंकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की 'तानाशाही मानसिकता' का नतीजा था आपातकाल : केशव प्रसाद



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आपातकाल कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता का नतीजा था। केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में गुरूवार को लिखा कि भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 25 जून, 1975 वह काला दिन है, जब कांग्रेस, खासकर तब की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'सत्ता के अहंकार' में चूर होकर देश पर आपातकाल थोपा था। इसके ज़रिए उन्होंने संविधान को अपने शिकंजे में कसकर जनता के मूलभूत अधिकारों और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता पर जमकर प्रहार किया। उन्हें गहरी चोट पहुंचाई। उप मुख्यमंत्री ने लिखा कि 'संविधान हत्या दिवस' हमें उस काले दौर की याद दिलाता है, जब असहमति की आवाज़ों को कुचला गया, प्रेस की स्वतंत्रता पर पहरा बिठाया गया और लोकतंत्र सेनानियों को बेरहमी से जेलों की सलाखों के पीछे डाल दिया गया। यह आपातकाल कांग्रेस की 'तानाशाही मानसिकता' का नतीजा था।

केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा लोकतंत्र की रक्षा के लिए तब की प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अडिग रहकर संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों का साहस, त्याग और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। इस काले दौर का डटकर मुकाबला करने वाले उन सभी लोकतंत्र सेनानियों को बारंबार कोटि–कोटि नमन।

# विकास और विरासत के संतुलन से प्रयागराज बनेगा विश्वस्तरीय नगर आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को मिले प्राथमिकता : महापौर

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, प्रयागराज :** विश्व प्रसिद्ध प्रयागराज का विकास उसकी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को संरक्षित रखते हुए किया जाना चाहिए। उक्त बातें बुधवार को लखनऊ में प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी ने कहीं।

उन्होंने आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, आधुनिक यातायात व्यवस्था, बेहतर विद्युत अवसंरचना तथा गंगा पार एवं नैनी क्षेत्र के समग्र विकास को प्राथमिकता दिए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसी उद्देश्य से उन्होंने प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से मुलाकात कर शहर के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की।

महापौर ने शहर की विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित एवं सुदृढ़ बनाने के लिए जर्जर एवं क्षतिग्रस्त बंच केबलों के सुधार और प्रतिस्थापन की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि बढ़ती आबादी और विद्युत मांग को देखते हुए आधुनिक एवं मजबूत विद्युत अवसंरचना का विकास समय की आवश्यकता है, जिससे नागरिकों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। महापौर ने संगम नगरी की पहचान बन चुके गंगा पाथ को और अधिक आकर्षक एवं सुरक्षित बनाने के लिए आधुनिक एवं उच्च गुणवत्ता की प्रकाश व्यवस्था विकसित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा क्षेत्र की सुंदरता और आकर्षण में वृद्धि होगी।

प्रयागराज के समग्र विकास का खाका प्रस्तुत करते हुए महापौर ने शहर के प्रमुख चौराहों और व्यस्त मार्गों पर बढ़ते यातायात दबाव को कम करने के लिए स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन, सड़क चौड़ीकरण और आधुनिक यातायात सुविधाओं के विकास पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से नागरिकों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी और आवागमन अधिक सुगम होगा।

महापौर ने गंगा पार क्षेत्र में तेजी से बढ़ती आबादी और शहरी विस्तार का उल्लेख करते हुए वहां सड़क, पेयजल, जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से संबंधित विकास परियोजनाओं को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। साथ ही नैनी क्षेत्र में लंबे समय से अपेक्षित सीवर लाइन परियोजना को स्वीकृत किए जाने की आवश्यकता भी बताई, जिससे क्षेत्र में स्वच्छता सुविधाओं का विस्तार हो सके और सुनियोजित विकास को गति मिले। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने महापौर द्वारा प्रस्तुत सुझावों को गंभीरता से सुना तथा प्रयागराज के विकास से जुड़े विषयों पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नगरों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और प्रयागराज की आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर देखा जाएगा।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज करेंगे एस्ट्रोमेडिक्स हॉस्पिटल का उद्घाटन



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, गोरखपुर:** पूर्वांचल की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एस्ट्रोमेडिक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन 26 जून को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा। इस संबंध में सीपी चंद और डॉ. अरुण चन्द्र ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर विस्तृत जानकारी दी।

सीपी चंद ने बताया कि इस अस्पताल की स्थापना उनके पिता की उस सोच को साकार करने के लिए की गई है, जिसमें शिक्षा और चिकित्सा को समाज के लिए सबसे जरूरी बताया गया था। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल पूर्वांचल, बिहार और नेपाल के लोगों को अत्याधुनिक और सुलभ चिकित्सा सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से गोरखपुर में एम्स की स्थापना हुई और गुरु गोरखनाथ चिकित्सालय भी बेहतर सेवाएं दे रहा है। अब इस अस्पताल के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए लखनऊ या अन्य महानगरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। डॉ. अरुण चन्द्र ने बताया कि एस्ट्रोमेडिक्स हॉस्पिटल में आधुनिक चिकित्सा तकनीकों और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के माध्यम से मरीजों को उच्च स्तरीय उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।

अस्पताल में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, यूरोसर्जरी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, क्रिटिकल केयर, ऑर्थोपेडिक्स, जनरल सर्जरी सहित कई सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं उपलब्ध होंगी।

उन्होंने यह भी बताया कि 125 बेड की क्षमता वाले इस अस्पताल में 24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं, अत्याधुनिक आईसीयू, मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, उन्नत डायग्नोस्टिक सुविधाएं, फार्मेसी और एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध रहेगी। अस्पताल में मरीजों की सुविधा और बेहतर इलाज को ध्यान में रखते हुए सभी जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रेस वार्ता में बताया गया कि यह अस्पताल न केवल उपचार तक सीमित रहेगा, बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता और समाज के समग्र स्वास्थ्य स्तर को बेहतर बनाने के लिए भी कार्य करेगा।

**पश्चिम मध्य रेल**

**नं.: JBP/C/NFR/E-Tender/26, दिनांक: 23.06.2026**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई–बोली आमंत्रित करता है। **(1) श्रेणी**: विज्ञापन–आउट ऑफ होम **निविदा सूचना संख्या**: ADVT-JBP-KTE-OH-146-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण :** कटनी रेलवे स्टेशन के परिसंचरण एवं गैर–परिसंचरण क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर वाणिज्यिक विज्ञापन एवं रेलवे सूचना प्रदर्शन हेतु गैन्ट्री गेट्स की स्थापना एवं अनुरक्षण का कार्य (05 वर्ष हेतु)। **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय:** 09–07–2026 15:30 बजे **(2) श्रेणी**: विज्ञापन–आउट ऑफ होम **निविदा सूचना संख्या**: ADVT-JBP-PPI-OH-145-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** पिपरिया रेलवे स्टेशन के परिसंचरण एवं गैर–परिसंचरण क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर वाणिज्यिक विज्ञापन एवं रेलवे सूचना प्रदर्शन हेतु गैन्ट्री गेट्स की स्थापना एवं अनुरक्षण का कार्य (05 वर्ष हेतु)। **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय:** 09–07–2026 15:40 बजे **(3) श्रेणी**: विज्ञापन–ट्रेन बाह्य भाग (खिड़की के नीचे) **निविदा सूचना संख्या**: ADVT-EBW-155494-3-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** ट्रेन संख्या 22189/90 में खिड़कियों के नीचे उपलब्ध स्थान का विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु उपयोग। **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय:** 09–07–2026 15:50 बजे **(4) श्रेणी**: विज्ञापन–ट्रेन बाह्य भाग (खिड़की के नीचे) **निविदा सूचना संख्या**: ADVT-EBW-127872-4-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** ट्रेन संख्या 11705/06 में खिड़कियों के नीचे उपलब्ध स्थान का विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु उपयोग। **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय:** 09–07–2026 16:00 बजे **(5) श्रेणी**: विज्ञापन–ट्रेन बाह्य भाग (खिड़की के नीचे) **निविदा सूचना संख्या**: ADVT-EBW-288200-1-26-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** ट्रेन संख्या 11701/02 में खिड़कियों के नीचे उपलब्ध स्थान का विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु उपयोग। **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय:** 09–07–2026 16:10 बजे **(6) श्रेणी**: स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर डिजिटल) **निविदा सूचना संख्या**: ADVT-JBP-PPI-OSN-91-22-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** पिपरिया रेलवे स्टेशन पर ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन। **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय:** 09–07–2026 16:20 बजे **(7) श्रेणी**: स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर डिजिटल) **निविदा सूचना संख्या**: ADVT-JBP-SGO-OSN-99-22-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** सागर रेलवे स्टेशन पर ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन। **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय:** 09–07–2026 16:30 बजे **(8) श्रेणी**: स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर डिजिटल) **निविदा सूचना संख्या**: ADVT-JBP-NU-OSN-90-22-1 **परिसंपत्ति/कार्य का विवरण:** नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन पर ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन। **निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय:** 09–07–2026 16:40 बजे. संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Tender Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट–वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई–बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

**(हस्ता.)**

**मंडल रेल प्रबंधक (वा), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



*मुरादाबाद–बिजनौर स्थानीय प्राधिकार निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य और पूर्व सांसद मुरादाबाद निवासी सत्यपाल सैनी एडवोकेट को पुन: भारतीय जनता पार्टी में प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है।*

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रीवा (म.प्र.)**

**क्रमांक 1819/न.पा.नि./राजस्व/2026–27** **रीवा, दिनांक 25/06/2026**

**अचल सम्पत्ति नामान्तरण विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा की योजना आवासीय योजना हेडगेवार नगर रीवा जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है, में स्थित एम.आई.जी. भवन क्रमांक 03 क्षेत्रफल 143.82 वर्गमीटर श्रीमती मीना बंसल पति स्व. श्री अरुण बंसल निवासी हेडगेवार नगर रीवा (म.प्र.) को 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, जिसका नामान्तरण श्रीमती रश्मि बाधवानी पति श्री कमलेश बाधवानी एवं श्रीमती माही बाधवानी पति श्री अमित बाधवानी निवासी हेडगेवार नगर रीवा (म.प्र.) के नाम किये जाने हेतु दिनांक 04.06.2026 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त एम.आई.जी. भवन क्रमांक 03, के नामान्तरण में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात् आवेदिका श्रीमती मीना बंसल पति स्व. श्री अरुण बंसल निवासी हेडगेवार नगर रीवा (म.प्र.) के आवेदन अनुसार एम.आई.जी. भवन क्रमांक 03, का नामान्तरण श्रीमती रश्मि बाधवानी

**उपायुक्त (राजस्व) हेतु आयुक्त नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)**

## आपका राशिफल 26 जून

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): व्यर्थ की भाग–दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल–मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक–2–4–6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय–व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा–गोष्ठियों में मान–सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगों का सहयोग मिलेगा। शुभांक–5–7–9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक 3 6 8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख–आराम प्रभावित होगा। धर्म–कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है। शुभांक–1–5–9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। खान–पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। विद्यार्थियों को लाभ। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। शुभांक–4–7–8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेंगे। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक–5–8–9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक–4–6–7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद–प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक–1–4–7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन–देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक–2–4–5

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय–व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक–3–5–6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म–कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक 4 6 7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आमोद प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान–विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग–दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। शुभांक–2–5–7